Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाइगर रिजर्व के केन नदी में एक वृद्ध मगर मृत पाया गया

दिनांक 22.12.2013 को पन्ना टाइगर रिजर्व के केन नदी में स्थित भौरा दौ क्षेत्र में एक मगर तैरता हुआ देखा गया। नजदीक जाकर परीक्षण करने में वह मृत पाया गया था। जिसे किनारे में लाकर दिनांक 23.12.2013 को डा0 संजीव कुमार गुप्ता, वन्य प्राणी चिकित्सक पन्ना टाइगर रिजर्व के द्वारा पोस्ट मार्टम किया गया। इसके अधिकतर दांत एव नाखून घिसे हुए पाये गये जिससे अन्दाजा लगाया गया है कि यह वृद्ध होने के कारण मृत्यु को प्राप्त किया है। इस मगर की लम्बाई 3.52 मीटर एवं वजन 203 कि.ग्रा. था। नियमानुसार उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व के समक्ष पोस्ट मार्टम के उपरान्त इसका दाह संस्कार कर दिया गया है। पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 517/14 दिनांक 22.12.2013 के तहत प्रकरण दर्ज कर बिसरा आदि परीक्षण हेतु फोरेन्सिक लैब सागर भेजी जा रही है।

दिनांक – 23.12.2013

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना